# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रैल 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सत प्रतिशत करने 20 नए वाहनों को हरी झंडी देकर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया रवाना, स्वच्छ सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी यह वाहने

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए। एजेंसी अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 20 नए वाहनों की खरीदारी की गई है। इन सभी वाहनों को आज निगम मुख्य कार्यालय से महापौर नीरज पाल, निगमायुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू, स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू तथा एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर कचरा कलेक्शन किए सभी जोन छेत्रो की ओर रवाना किया। वाहनों को रवाना करने के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, महापौर के निज सचिव वसीम खान, अर्बन इनवायरो वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश शर्मा, कुशल विज, नरेश चौधरी व सचिन तरारे आदि मौजूद रहे।



# 1018 स्थानों से हटाए गए अवैध होर्डिंग एवं पोस्टर, ओवर ब्रिज, अंडर ब्रिज सहित नेशनल हाईवे तथा सड़कों के किनारे से अवैध होर्डिंग/पोस्टर का किया जा रहा है सफाया

भिलाई नगर/ आज भिलाई निगम ने अवैध होर्डिंग एवं पोस्टरों को 1018 स्थानों से हटाने की कार्रवाई की। इसके लिए सभी जोन के राजस्व विभाग की टीम मैदान पर है। आज की बात करें तो 1018 से अधिक अवैध होर्डिंग/पोस्टर हटाए जा चुके हैं, इसके साथ ही 18 नग लोहे का अवैध पोल भी जब्त किया गया है। निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी नेहरू नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि अवैध होर्डिंग/पोस्टर लगाने वालों को स्वयं से हटाने नोटिस जारी किया जा रहा है और फिर भी नहीं हटाने वालों पर निगम कार्रवाई कर रही है तथा अवैध होर्डिंग एवं पोस्टर को हटाने के साथ ही इसकी जब्ती भी बनाई जा रही है। आज की कार्यवाही में



# किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिए आवास प्राप्त करने निगम दे रहा है मौका, आज से इसके लिए निगम ने आवेदन देना किया प्रारंभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान मोर आस घटक के अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिए आवेदन देना निगम ने पुनः प्रारंभ कर दी गई है। आज दिनांक 11 अप्रैल 2023 से इसके लिए मुख्य कार्यालय के क्रमांक 16 के आवास एवं गुमटी शाखा से 100 नगद भुगतान देकर आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2023 तक निर्धारित की गई है। किरायेदारी में निवासरत परिवारों के लिए सूर्या विहार के पीछे खमरिया, अविनाश मेट्रोपोलिस भिलाई जूनवानी, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खमरिया, एनआर स्टेट खमरिया भिलाई, रजत बिल्डर्स शांति नगर तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद भिलाई में 941 निर्माणाधीन आवास उपलब्ध है किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई को होगा। पात्र हितग्राहियों को लॉटरी द्वारा आबंटन की सूचना दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निगम के सूचना पटल में चस्पा कर एवं सूचना पत्र के द्वारा दिया जाएगा।।जिन आवेदकों के द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन क्रमांक 289 दिनांक 18 अगस्त 2022 के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के कक्ष क्रमांक 16 के काउंटर से 100 रुपए भुगतान कर आवेदन प्राप्त किया गया होगा और किसी कारणवश आवेदन पत्र जमा नहीं कर पाए होंगे वह भी पात्रता संबंधी संपूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन पत्र काउंटर में जमा कर सकते हैं।



# माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा भिलाई शहर के विकास लिए की गई घोषणाओं के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने निगम सभागार में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने ली बड़ी बैठक

भिलाई नगर/ माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा भिलाई में विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के अधिकारियों की बड़ी बैठक ली। बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा भिलाई के विकास कार्यों के लिए की गई घोषणाओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना है, इसके लिए उन्होंने बैठक में घोषणाओं के अनुरूप कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्य तथा शहर विकास के लिए प्रमुख कार्यों के तहत बैठक में विशेष रुप से सड़क डामरीकरण कार्य, गारमेंट फैक्ट्री, बीपीओ कॉल सेंटर, अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क, सुपेला अस्पताल का रिनोवेशन कार्य, सेंट्रल लाइब्रेरी निर्माण कार्य तथा तारामंडल निर्माण कार्यों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई।आज की बैठक में प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े, चंद्रकांत सिंह परघनिया, कुलदीप गुप्ता, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर तथा सभी जोन के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता आदि मौजूद रहे।



# भिलाई निगम द्वारा नहर, नालियों की सफाई के बाद निस्तारी तालाबों को भरने का काम जारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निस्तारी तालाबों को भरने का काम किया जा रहा है। भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नहर और नालियों की पूर्व में सफाई की गई है। निस्तारी तालाबों को भरने के लिए विगत 2 महीने से नहर और नालियों की सफाई का काम प्रारंभ हो गया था। प्रत्येक ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी वाले तालाबों को भरने का काम किया जाता है इस वर्ष भी इसको लेकर तैयारियां प्रारंभिक तौर पर ही कर ली गई थी। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत निस्तारी वाले तालाबों में पानी भरे जाने के लिए नाला एवं बड़े नालो की सफाई का कार्य किया जा चुका है और अब छोड़े गए पानी से तालाबों को भरा जा रहा है।



# साक्षरता चौक तथा सम्राट चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर तैयार की जा रही है प्लानिंग, महापौर नीरज पाल और निगमायुक्त रोहित व्यास ने निरीक्षण कर लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लगातार विकास तथा सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं। चौक-चौराहों में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। हाल ही में सुपेला चौक के सात अजूबा तथा सिविक सेंटर के अर्जुन रथ परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। धरोहर को सहेजने का काम भिलाई निगम के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के मुख्य स्थानों पर वर्टिकल गार्डन भी बनाए जा रहे हैं। विकास की इसी दिशा में साक्षरता चौक और सम्राट अशोक चौक जोकि नेशनल हाईवे के किनारे से लगा हुआ है इसके भी सौंदर्यीकरण करने की प्लानिंग की जा रही है।चर्चा के अनुरूप अधिकारियों के द्वारा इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से शिवाजी नगर के जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, मदर टेरेसा नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, शिवाजी नगर खुर्सीपार के जोन आयुक्त येशा लहरें, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अनिल सिंह तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे।



# पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में निर्मित दुकानों की हो रही है नीलामी, अच्छे लोकेशन में दुकान खरीदने का मिल रहा है मौका

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 4 शिवाजीनगर जोन अंतर्गत पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार भिलाई में निर्मित प्रथम तल की दुकानों की नीलामी व्यवसायिक प्रयोजन के लिए की जा रही है। इसकी प्रक्रिया पूरी तरीके से ऑनलाइन होगी। ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया चालू है, 26 अप्रैल 2023 समय 5:30 बजे तक ऑनलाइन दस्तावेज जमा कर सकते हैं सभी के ऑफ़सेट मूल्य, धरोहर राशि और दुकान का किराया राशि का निर्धारण भी कर दिया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए एवं नियम शर्तों को जानने के लिए तथा मानचित्र या उससे संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in व www.bhilainagarnigam.com तथा www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकारो को ऑक्शन में भाग लेने के लिए https://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया की संपूर्ण कार्यवाही भी इसी पोर्टल के माध्यम से होगी। अधिक जानकारी के लिए अशोक कश्यप के मोबाइल नंबर 9098817420 पर संपर्क कर सकते है।



# विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा जी की कथा सुनने सपरिवार पहुंचे महापौर नीरज पाल, शिव पुराण में हुए लीन

भिलाई नगर/ विश्व विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से शिवपुराण की कथा सुनने आज महापौर नीरज पाल सपरिवार आयोजन स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में पहुंचे। उन्होंने परिवार के साथ कथा सुनी और आरती में भी शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने भी शिव पुराण का श्रवण किया। वहीं उन्होंने शिव का जाप करते हुए भिलाई वासियों के सुख और समृद्धि के लिए मनोकामना की। पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने के लिए लगातार लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल से पंडित प्रदीप मिश्रा जी का कथा वाचन हो रहा है, जिसे सुनने के लिए भिलाई सहित अन्य शहरों एवं जिलों से भी लोग भिलाई का रुख कर रहे हैं। आज पंडित मिश्रा जी के कथा वाचन का चौथा दिन है। जिसमें महापौर पहुंचकर तथा श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा का श्रवण करते रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# वॉल पेंटिंग के माध्यम से दे रहे स्वच्छता का संदेश, दीवारों पर रंग रोगन की सुंदर कलाकृति स्वच्छता के प्रति फैला रही है जागरूकता

भिलाई नगर/ निगम के महापौर नीरज पाल और आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई हर संभव प्रयासरत है। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए निगम के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। नेहरू नगर जोन, वैशाली नगर जोन, मदर टेरेसा नगर एवं शिवाजी नगर जोन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों, अधिक आवागमन वाले स्थलों, मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहे है, दीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते हुए आमजन को जागरूक कर रहे है। नागरिकों की सहभागिता इसमें अत्यंत आवश्यक है उन्हें जागरूक करने नित्य नए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई आम नागरिकों से अपील करता है कि भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नंबर वन बनाने के लिए सहयोग करें, अपने घरों के आसपास सफाई रखें, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में देवें, कचरा डस्टबिन में ही डालें, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें।



# निगम प्रशासन ने 07 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 07 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शा ॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किया गया।इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते हुए अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को कार्यालय में आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है



**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई